भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †31
सोमवार, 21 जुलाई, 2025/30 आषाढ़, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**तटीय और क्रूज पर्यटन के लिए संस्थागत ढांचा**

**†31. श्री श्रीभरत मतुकुमिल्ली:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने तटीय पर्यटन विकास के लिए एक व्यापक राष्ट्रीय नीति विकसित या अधिसूचित की है और यदि हाँ, तो ऐसी नीति के प्रमुख उद्देश्य और घटक क्या हैं;

(ख) प्रस्तावित राष्ट्रीय क्रूज पर्यटन नीति और राष्ट्रीय क्रूज पर्यटन बोर्ड की वर्तमान स्थिति क्या है और ये नीतियाँ और बोर्ड मौजूदा क्रूज शिपिंग नीति (2008), सागरमाला कार्यक्रम और स्वदेश दर्शन योजना के साथ किस प्रकार संरेखित हैं;

(ग) क्या सरकार क्षेत्र-विशिष्ट तटीय पर्यटन मास्टर प्लान या एकीकृत पर्यटन नोड बनाने के लिए तटीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ समन्वय कर रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार के पास ब्लू इकॉनोमी ढांचे के तहत पूल में किए गए निवेश, ब्लू फ्लैग प्रमाणन विस्तार या सतत बुनियादी ढाँचे के विकास जैसी जिला-स्तरीय या क्षेत्रीय पहलों का समर्थन करने का कोई प्रस्ताव है; और

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): क्रूज पर्यटन सहित पर्यटन स्थलों और उत्पादों का विकास और संवर्धन संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रयासों को संपूरित करता है।

मंत्रालय की विभिन्न योजनाएँ, कार्यक्रम और पहल तटीय पर्यटन सहित पर्यटन संवर्धन और विकास से संबंधित मुद्दों का सक्रिय रूप से निपटान कर रही हैं। मंत्रालय का ध्यान इन जारी पहलों को सुदृढ़ और प्रभावी ढंग से लागू करने तथा पर्यटन क्षेत्र की उभरती ज़रूरतों पर नज़र रखने पर है, साथ ही मंत्रालय राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और हितधारकों के सुझावों के अनुरूप आगे भी सुधार के लिए तत्पर है। तटीय पर्यटन के विकास के लिए फिलहाल कोई अलग नीति की परिकल्पना नहीं की गई है।

हालाँकि, पर्यटन मंत्रालय 'पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' नामक योजना के तहत पूर्ण प्रस्तावों की प्राप्ति पर क्रूज पर्यटन और नदियों के किनारे क्रूजिंग सहित पर्यटन के विकास के लिए केंद्र सरकार की एजेंसियों को केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना के तहत पंद्रह विषयगत परिपथों में से एक के रूप में तटीय परिपथ की पहचान की है। विभिन्न राज्यों में इन योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची **अनुबंध** में है।

मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना को गंतव्य-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी एवं जिम्मेदारीयुक्त गंतव्य के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन 2.0 के तौर पर नया रूप दिया है।

पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय द्वारा विभिन्न केंद्रीय और राज्य सरकारों की एजेंसियों को शामिल करके सरकार का समग्र दृष्टिकोण प्रदान करने के उद्देश्य से सितंबर 2024 में क्रूज़ भारत मिशन (सीबीएम) की शुरूआत की गई है। सीबीएम, क्रूज़ क्षेत्र को नियंत्रित करने वाली नीति, नियामक और अन्य पहलुओं पर पहल करने के लिए अंतर-मंत्रालयी दृष्टिकोण हेतु एक रूपरेखा प्रदान करता है एवं सीमा शुल्क, आप्रवासन, सीआईएसएफ, राज्य पर्यटन विभागों, राज्य समुद्री एजेंसियों, जिला प्रशासनों और स्थानीय पुलिस जैसी सभी नियामक एजेंसियों की ज़िम्मेदारीपूर्ण भागीदारी को सक्षम बनाता है।

*****

**अनुबंध**

श्री श्रीभरत मतुकुमिल्ली द्‌वारा तटीय और क्रूज पर्यटन के लिए संस्थागत ढांचा के संबंध में दिनांक 21.07.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †31 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

**केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के तहत पत्तनों और जलमार्गों पर अवसंरचना विकास के लिए स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

**(लाख रु. में)**

| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **वर्ष** | **परियोजनाओं का नाम** | **कार्यान्वयन एजेंसी** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | तमिलनाडु | 2012-13 | चेन्नई पत्तन पर मौजूदा यात्री टर्मिनल में क्रूज यात्री सुविधा केंद्र | चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट | 1724.66 |
| 2. | गोवा | 2014-15 | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट में क्रूज़ टर्मिनल भवन | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट | 879.04 |
| 3. | केरल | 2016-17 | विलिंगडन द्‌वीप, कोचीन, केरल में वॉकवे/प्रोमेनेड का विकास | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 901.00 |
| 4. | केरल | 2016-17 | एर्नाकुलम घाट के बर्थ और बैकअप क्षेत्र के उन्नयन के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 2141.00 |
| 5. | महाराष्ट्र | 2016-17 | पर्यटन स्थल के रूप में कनोजी आंग्रे लाइटहाउस के विकास के लिए मुंबई पोर्ट ट्रस्ट को केंद्रीय वित्तीय सहायता | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 1500.00 |
| 6. | महाराष्ट्र | 2017-18 | इंदिरा डॉक, मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 1250.00 |
| 7. | गोवा | 2018-19 | मोरमुगाओ में आव्रजन सुविधा में सुधार और मौजूदा क्रूज बर्थ को गहरा करना | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट | 1316.40 |
| 8. | केरल | 2018-19 | कोचीन पोर्ट क्रूज़ टर्मिनल पर अवसंरचना का विकास | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 120. 79 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 9. | केरल | 2018-19 | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट वॉकवे पर अतिरिक्त पर्यटन सुविधाओं का निर्माण | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 466.47 |
| 10. | आंध्र प्रदेश | 2018-19 | विशाखापत्तनम पत्तन के बाहरी बंदरगाह में चैनल बर्थ क्षेत्र में क्रूज-सह-तटीय कार्गो टर्मिनल का निर्माण | विशाखापत्तनम पोर्ट ट्रस्ट | 3850.00 |
| 11. | केरल | 2019-20 | नए कोचीन पोर्ट ट्रस्ट टर्मिनल में अतिरिक्त अवसंरचना विकास के लिए सीएफए | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 1029.70 |
| 12. | गोवा | 2021-22 | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट (एमपीटी) द्वारा मोरमुगाओ पोर्ट, गोवा में अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू क्रूज जहाजों के लिए सुविधाओं का निर्माण | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट | 5000.00 |
| 13. | महाराष्ट्र | 2021-22 | इंदिरा डॉक, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 3750.00 |
| | | | | **कुल** | **23929.06** |

**स्वदेश दर्शन योजना के तहत तटीय परिपथ और क्रूज परियोजना के लिए स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **राज्य का नाम** | **वर्ष** | **परियोजना नाम** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 2014-15 | काकीनाडा - होप आइलैंड - कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य - पसारलापुडी - अडुरु - एस यनम - कोटिपल्ली में परिपथ का विकास | 67.83 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 2015-16 | नेल्लौर, पुलिकट झील, उब्बलामडुगु जलप्रपात, नेलापट्टू पक्षी अभयारण्य, मायपाडु तट, रामतीर्थम का विकास | 49.55 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3. | पुदुचेरी | 2015-16 | डुबरियापेट, अरिकामेडु चीना वीरमपट्टिनम, चुन्नबमार, नल्लावडु, मेनपेट, कलापेट, फ्रेंच क्वार्टर, तमिल क्वार्टर और यनम का विकास | 58.44 |
| 4. | पश्चिम बंगाल | 2015-16 | तट परिपथ: उदयपुर- दीघा - शंकरपुर - ताजपुर - मंदारमणि - फ्रेजरगंज - बक्खलाई -हेनरी द्वीप का विकास | 67.99 |
| 5. | महाराष्ट्र | 2015-16 | सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ (शिरोदा तट, सागरेश्वर, तारकर्ली, विजयदुर्ग (तट और क्रिक), देवगढ़ (किला और तट), मितभव, टोंडावली, मोचेहमद और निवती किला) का विकास | 19.06 |
| 6. | गोवा | 2016-17 | सिंक्वेरिम-बागा, अंजुना-वागाटोर, मोरजिम -केरी, अगुआडा किला और अगुआडा जेल का विकास | 97.65 |
| 7. | ओडिशा | 2016-17 | गोपालपुर, बर्कुल, सतपाडा और टंपारा का विकास | 70.82 |
| 8. | अंडमान एवं निकोबार द्वीप | 2016-17 | लोंग आइलेंड -रॉस स्मिथ आइलेंड - नील आइलेंड - हैवलॉक आइलेंड - बराटांग आइलेंड -पोर्ट ब्लेयर का विकास | 27.57 |
| 9. | तमिलनाडु | 2016-17 | चेन्नई- मामल्लापुरम - रामेश्वरम - कुलसेकरनपट्टिनम - कन्याकुमारी का विकास | 73.13 |
| 10. | गोवा | 2017-18 | रुआ डे ओरम क्रीक - डॉन पाउला - कोलवा - बेनौलिम का विकास | 99.35 |
| 11. | केरल | 2018-19 | मालानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास | 57.35 |
| | | | **कुल** | **688.74** |

*****